कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.08.2023

नशे मे प्रयोग की जाने वाली ऑनरेक्स कफ सिरप की कुल 202 पेटियों, 01 अदद तीन पहिया वाहन, 01 अदद स्कूटी व कुल 280300/- रु0 नगद के साथ 03 नफ़र अभियुक्त थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर औषधि निरीक्षक वाराणसी के साथ आज दिनांक-27.08.2023 को समय करीब 07.45 बजे अभियुक्तगण 1.अजय केसरी पुत्र लल्लू केसरी निवासी पथरा थाना मुगलसराय जनपद चंदौली 2.प्रशांत कसेरा पुत्र राम कसेरा निवासी पियरी थाना चेतगंज वाराणसी व 3.हिमान्शु कसेरा पुत्र राजेश कसेरा निवासी पानदरीबा थाना चेतगंज वाराणसी को लखनपुर जीटी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 202 पेटी कुल 24240 शीशी आनरेक्स कफ सिरप 100 ML मय 01 अदद थ्री व्हीलर एल्फा वाहन UP 65 GT0836, एक अदद स्कूटी UP65CV0518 व कुल 280300/-रु0 नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-267/2023 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगो द्वारा उक्त कफ सिरप का अवैध व्यापार अधिक धन कमाने के लिए किया जाता है। इसमें हम लोगों के साथ अन्य लोग भी सम्मिलित हैं, जिसमें से एक कृतार्थ इण्टर प्राइजेज नावलपुर शिवपुर के प्रोपराइटर है, यह माल उसके द्वारा ही दिल्ली से कही से मंगाया गया है। इसके अतरिक्त भी कई लोग सम्मिलित है और हम सब लोग मिलकर इस नशीले सीरप का व्यापार कर अधिक मुनाफा कमाते हैं, जिसको आपस में मिल-जुलकर बांट लेते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.अजय केसरी पुत्र लल्लू केसरी निवासी पथरा थाना मुगलसराय जनपद चंदौली, उम्र करीब 22 वर्ष
2.प्रशांत कसेरा पुत्र राम कसेरा निवासी पियरी थाना चेतगंज वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष
3.हिमान्शु कसेरा पुत्र राजेश कसेरा निवासी पानदरीबा थाना चेतगंज वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

202 पेटी कुल 24240 शीशी आनरेक्स कफ सिरप 100 ML(अनुमानित कीमत करीब 41 लाख रु0), एक अदद थ्री व्हीलर एल्फा वाहन UP 65 GT0836, एक अदद स्कूटी UP65CV0518 व कुल 280300/- रुपये नगद बरामद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरण-

1.विवेक कुमार सिंह औषधि निरीक्षक वाराणसी।
2.संजय दत्त औषधि निरीक्षक वाराणसी।
3.उ0नि0 अजय कुमार यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
4.उ0नि0 पंकज कुमार पाण्डेय थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
5.हे0का0 सुरेश सरोज थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
6.हे0का0 रामसकल यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
7.का0 अमित कुमार थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी